# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार
## 32, हार्डिंग रोड, पटना-800001
फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, 2215089, वेबसाईट : www.bsea.bihar.gov.in, Email-bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 03|11|2023

## अधिसूचना

संख्या- नि॰प्रा॰/नि॰ 1-13/2022 खण्ड 2124 बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 1982 दिनांक 10.10.2023 द्वारा **पटना जिला के फुलवारीशरीफ प्रखंड अंतर्गत फुलवारीशरीफ व्यापार मंडल सहयोग समिति लि॰** का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। सदस्यता विवाद वाद संख्या-104/2023 में न्यायालय, निबंधक, सहयोग समितियों के आदेश ज्ञापांक 370/RL दिनांक 30.10.2023 द्वारा पारित आदेश के आलोक में बड़ी संख्या में मतदाता सूची से नाम हटाये जाने होंगे और उनमें से कुछ ऐसे लोगों ने नामांकन भी किया है।

अत: उक्त समिति के दिनांक 07.11.2023 को निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम को स्थगित करते हुए नामांकन के स्तर से निर्वाचन कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया जाता है-

| क्र॰ | निर्वाचन के प्रक्रम | तिथि |
|---|---|---|
| (i) | नामांकन की तिथि एवं समय | 24.11.2023 (शुक्रवार) एवं 25.11.2023 (शनिवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 27.11.2023 (सोमवार) एवं 28.11.2023 (मंगलवार)<br>11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | अभ्यर्थिता वापसी | 30.11.2023 (गुरूवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 07.12.2023 (गुरूवार)<br>7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतगणना | 07.12.2023 (गुरूवार)<br>(मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vi) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 09.12.2023 (शनिवार) |

2. **उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में तथा संशोधित मतदाता सूची का फुलवारीशरीफ व्यापार मंडल सहयोग समिति लि॰ के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार यथा माइकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जाएगा। <u>दिनांक 16.11.2023 तक इसका साक्ष्य सहित अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजना सुनिश्चित करेंगे।</u>**

3. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र-ई 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

4. <u>निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अगले दिन प्राधिकार के वेबसाईट पर http://bsea.bihar.gov.in प्रपत्र-ई 18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।</u>

साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।

5. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 09.12.2023 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश ''सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका'' के पृष्ठ 122-129 पर देखा जा सकता है।**

6. अधिसूचना संख्या 85 दिनांक 11.03.2023 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

3/11/23
( गिरीश शंकर )
मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 2124 पटना/ दिनांक 03/11/2023

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 2124 पटना/ दिनांक 03/11/2023

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, पटना/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), पटना/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स0स0), पटना/ वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना/ अपर समाहर्त्ता, पटना/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, पटना/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), फुलवारीशरीफ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स० स०), फुलवारीशरीफ, न्यायालय निबंधक, सहयोग समितियाँ द्वारा पारित आदेश के आलोक में संशोधित मतदाता सूची दिनांक 09.11.2023 तक तैयार कर लेंगे और दिनांक 10.11.2023 को संशोधित मतदाता सूची का प्रकाशन विनिर्दिष्ट स्थल पर करेंगे तथा इसका व्यापक प्रचार-प्रसार भी करेंगे। इसका अनुपालन प्रतिवेदन दिनांक 11.11.2023 तक प्राधिकार को समर्पित करेंगे।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 2124 पटना/ दिनांक 03/11/2023

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ अपर मुख्य सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।

ज्ञापांक : 2124 पटना/ दिनांक 03/11/2023

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना का कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

मुख्य चुनाव पदाधिकारी।